प्रशांत कुमार को मानद डी.लिट. की उपाधि

चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश के **पूर्व** [पुलिस महानिदेशक (DGP)] **प्रशांत कुमार** को लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा **डॉक्टर ऑफ लिटरेचर (D.Litt.)** की उपाधि प्रदान की गई है।

मुख्य बिंदु

- **प्रशांत कुमार के बारे में:**
  - प्रशांत कुमार (1990 बैच के IPS अधिकारी) यह प्रतिष्ठित सम्मान पाने वाले **उत्तर प्रदेश कैडर के पहले IPS अधिकारी हैं।**
  - उनके करियर में महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था), आर्थिक अपराध शाखा के प्रमुख तथा CISF और ITBP में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति जैसी महत्त्वपूर्ण भूमिकाएँ शामिल रही हैं।
  - यह सम्मान **पुलिस सेवा,** सार्वजनिक सुरक्षा **और रणनीतिक सुरक्षा प्रबंधन** में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिये दिया गया है।
  - **संगठित अपराध** के खिलाफ सख्त कदम उठाने में उनके नेतृत्व की व्यापक सराहना की जाती है।
  - उन्होंने एंटी-माफिया टास्क फोर्स का नेतृत्व करने और उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था में सुधार लागू करने तथा उसे नया रूप देने में अहम भूमिका निभाई।

नोट: मानद डी. लिट. (डॉक्टर ऑफ लेटर्स या डॉक्टर ऑफ लिटरेचर) एक **प्रतिष्ठित शैक्षणिक सम्मान** है जो विश्वविद्यालयों द्वारा कला, साहित्य, शिक्षा, संस्कृति **या समाज में असाधारण योगदान** को मान्यता देने के लिये दिया जाता है तथा इसके लिये प्राप्तकर्त्ता को कोई शैक्षणिक पाठ्यक्रम, शोध या परीक्षा पूरी करने की आवश्यकता नहीं होती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/honorary-dlitt-for-prashant-kumar